bida
भिवाड़ी इंटीग्रेटेड विकास प्राधिकरण
एच–5, भगत सिंह कॉलोनी, भिवाड़ी, अलवर
दूरभाष : 01493 230819 ई–मेल : bida.bhiwadi@rajasthan.gov.in

आज़ादी का अमृत महोत्सव

(42)

क्रमांक 3848-3907/22 दिनांक 06/07/22

बैठक कार्यवाही विवरण

भिवाडी एकीकृत विकास प्राधिकरण (बीडा) की लोक निर्माण समिति की 8वीं बैठक दिनांक 05.07.2022 को सांय 3:00 बजे मुख्य कार्यकारी अधिकारी, बीडा भिवाडी की अध्यक्षता में सभागार बीडा भिवाडी में सम्पन्न हुई। जिसमें निम्नलिखित सदस्यो ने भाग लिया एवं बैठक का कार्यवाही विवरण निम्नानुसार है :–

क्र.स.	पद नाम	समिति पदाधिकारी	उपस्थित अधिकारी का नाम व पद
1.	मुख्य अभियन्ता, नगरीय विकास विभाग जोन, अलवर	सदस्य	श्री प्रदीप कुमार जैन, अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता, नगर विकास न्यास, अलवर
2.	अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी विभाग, अलवर	सदस्य	प्रतिनिधि के रूप में श्री राकेश सैनी अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी विभाग, अलवर
3.	वरिष्ठ लेखाधिकारी, बीडा भिवाडी	सदस्य	श्री देवकी नन्दन गुप्ता वरिष्ठ लेखाधिकारी, बीडा भिवाडी
4.	वरिष्ठ नगर नियोजक, बीडा भिवाडी	सदस्य	श्रीमति इशिता जे. कुमार वरिष्ठ नगर नियोजक, बीडा भिवाडी
5.	अधीक्षण अभियन्ता, बीडा भिवाडी	सदस्य सचिव	श्री तैय्यब खॉन, अधीक्षण अभियन्ता, बीडा भिवाडी

प्रतिनिधि जिला कलक्टर अलवर, अधीक्षण अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, अलवर , मुख्य नगर नियोजक, एन.सी.आर. जयपुर जो कि लोक निर्माण समिति के नामित सदस्य है, बैठक में अपरिहार्य कारणों से उपस्थित नहीं हो सके।

सर्वप्रथम बैठक में सदस्य सचिव द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं बैठक में पधारे समस्त माननीय सदस्यो का स्वागत करते हुये अध्यक्ष महोदय की अनुमति से प्राधिकरण में गठित लोक निर्माण समिति के समक्ष रखे गये बिन्दुओं का निम्नानुसार विवरण प्रस्तुत किया :–

(तैय्यब खान)
अधीक्षण अभियंता
बीडा भिवाडी (राज०)

1. अलवर बाईपास सडक (SH–25) का चौडाईकरण एवं सौंदर्यकरण का कार्य।

बीडा की लोक निर्माण समिति की 7 वीं बैठक दिनांक 28.03.2022 को राशि रू 37.73 करोड़ की प्रशासनिक, वित्तीय एवं तकनीकी स्वीकृति की प्रदान की गयी। समिति द्वारा दिए गए सुझाव अनुसार प्रस्तावित सडक का ट्रेफिक सर्वे, Axle load Test, Crust Design, Cross-Section इत्यादि एजेन्सी से तैयार करवा लिए गए है। (संलग्न है)

उक्त कार्य की ऑनलाईन निविदा आदेश संख्या लेखा/2021–22/2750–55/22 दिनांक 12.05.2022 को राशि रू 35.86 करोड़ की निविदा आमंत्रित की गई थी। तत्पश्चात् कार्य की तकनीकी बिड दिनांक 23.06.2022 को खोली गयी जिसमें मैसर्स पारूल कंस्ट्रक्शन कम्पनी की एकल निविदा प्राप्त हुई। मैसर्स पारूल कंस्ट्रक्शन कम्पनी तकनीकी बिड रस्पोंसिव पाये जाने पर वित्तीय बिड दिनांक 24.06.2022 को खोली गई। वित्तीय बिड में मैसर्स पारूल कंस्ट्रक्शन कम्पनी की निविदा में प्राप्त दरें G-Schedule पर 4.79% Above व H-Schedule (Non-BSR items) पर निम्नानुसार प्राप्त हुई :–

G-Schedule rate	34,23,16,181	4.79% Above	358713126.1
H-Schedule rate			35711800
		Total =	**394424926.1**

प्राप्त दरों को बाजार दरों पर व अन्य विभागों में प्रचलित दरों के अनुसार विश्लेषण किया गया (जो संलग्न है)। मौके पर वर्तमान में सड़क की स्थिति को देखते हुए Existing B.T. सड़क में कई स्थानों पर cracks व settlement के कारण आमजन द्वारा मुख्य कार्याकारी अधिकारी महोदय से Existing B.T. सड़क को पूर्ण रूप से हटाकर पूर्ण चौड़ाई में सड़क बनाने का निवेदन किया गया है।

अतः उक्त प्रकरण में Existing B.T. surface को हटाकर पूर्ण चौड़ाई में नये सिरे से DBM & BC कराये जाने के निर्णय, Crust Design, Cross-Section के अवलोकनार्थ तथा एकल निविदादाता मैसर्स पारूल कंस्ट्रक्शन कम्पनी की दर 4.79% Above on G-Schedule (Based on BSR - NH Jaipur Road 2019, PWD Jaipur Building 2019, PWD Alwar Road 2019, RUIDP SOR 2017) एवं H-Schedule की दरें स्वीकृति के क्रम में प्रकरण समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

निर्णय *:– समिति द्वारा प्रकरण में विस्तृत विचार–विमर्श किया गया। कार्य के अन्तर्गत एकल निविदा मैसर्स पारूल कंस्ट्रक्शन कम्पनी की दर 4.79 प्रतिशत Above on G-Schedule (Based on BSR - NH Jaipur Road 2019, PWD Jaipur Building 2019, PWD Alwar Road 2019, RUIDP SOR 2017) एवं H-Schedule की दरें प्राप्त हुयी है। समिति द्वारा सर्वसम्मति से एकल निविदा प्राप्त होने के कारण तथा विभिन्न विभागों में समान प्रकति के कार्यो की प्रचलित दरो को दृष्टिगत रखते हुए उक्त निविदा को निरस्त कर बीडा हित में पुनः निविदा लगाने का निर्णय लिया गया। साथ ही कार्य में निविदाओं की अधिकता बढाने हेतु तकनिकी बिड में से इन्टरलोकिंग टाईल्स की मात्रा हटाने का निर्णय लिया गया।*

(तैय्यब खान)
अधीक्षण अभियंता
बीड़ा भिवाडी (राज०)

2. एस.एच. 25 से नगीना गार्डन (बीडा कार्यालय के पीछे) तक सडक, फुटपाथ, डिवाइडर इत्यादि का निर्माण कार्य की निविदा दर स्वीकृति के अनुमोदनार्थ बाबत्।

उक्त कार्य हेतु राशि रू0 254.20 लाख की प्रशासनिक, वित्तीय, तकनीकी स्वीकृति दिनांक 28.03.2022 को बीडा की लोक निर्माण समिति की सातवीं बैठक में प्रदान की गई थी। कार्य की ऑनलाईन निविदा सं. लेखा/2021–22/2330–36 दिनांक 11.04.2022 को जारी की गई तत्पश्चात् दिनांक 06.05.2022 को निविदा खोली गई। जिसमें 4 संवेदको ने भाग लिया जिनकी दरे निम्नानुसार है:–

जी–शिडयूल में प्राप्त दरें

S.No.	Name of Contractor	Rates
1.00	M/s Praveen Naruka and co	-7.20 below
2.00	M/s JK BUILDERS AND ENGINEERS	-21.31 below
3.00	M/s Om Sai infrastructures	-13.89 below
4.00	M/s U. K. Infra Project	-5.66 below

उपरोंक्तानुसार न्यूनतम दर M/s JK BUILDERS AND ENGINEERS द्वारा प्रस्तुत जी–शिडयूल दरें पी.डब्ल्यू.डी. बी.एस.आर. 2019 से 21.31 प्रतिशत कम पाई गई। M/s JK BUILDERS AND ENGINEERS कम्पनी की जी–शिडयूल दरें समस्त संवेदको में न्यूनतम है। जिसमें से पृथक रूप से जी–शिडयूल दरें प्रचलित बाजार दरो के अनुसार उचित प्रतीत होती है। कार्य की आवश्यकता को मद्देनजर रखते हुये श्रीमान अध्यक्ष महोदय PWC द्वारा दिनांक 05.06.2022 को पत्रावली पर दरो को स्वीकृत किया जा चुका है।

अतः M/s JK BUILDERS AND ENGINEERS कम्पनी की जी–शिडयूल की निविदा दर स्वीकृति पश्चात् Post Facto स्वीकृति हेतु समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

<u>निर्णय</u> :– समिति द्वारा प्रकरण में विस्तृत विचार–विमर्श किया गया। M/s JK BUILDERS AND ENGINEERS की दरे पी.डब्ल्यू.डी. बी.एस.आर. 2019 से 21.31 प्रतिशत कम पाई गई। श्रीमान अध्यक्ष महोदय द्वारा कार्य की पत्रावली पर दिनांक 05.06.2022 को दरो की स्वीकृति बाबत् लिए गए निर्णय को एस.ओ. पी. के अनुसार समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन का निर्णय किया जाता है।

(दिनेश खन्ना)
अधीक्षण अभियंता
बीडा भिवाडी (राज0)

3. बीडा के सेक्टर 06 में पेवरीकरण का कार्य (शेष कार्य) की निविदा दर अनुमोदन बाबत।

"बीडा के सेक्टर 06 में पेवरीकरण को कार्य" को पूर्व में संवेदक मैसर्स श्याम कन्सट्रक्शन कम्पनी द्वारा राशि 15490129.06/– के छोडे गए कार्य को कार्यादेश संख्या 1852–57/22 दिनांक 24.03.2022 द्वारा, अनुबन्ध की धारा 2 व 3सी के तहत कार्यवाही की जाकर रिसाइन्ड कर पुनः निविदा आमंत्रित करने का निर्णय पी.डब्ल्यू.सी की 7वीं बैठक दिनांक 28.03.2022 में अनुमोदन किया गया।

शेष कार्य की निविदा दिनांक 11.04.2022 को निविदा क्रमांक लेखा/2021–22/2237–43 द्वारा उक्त कार्य की रिस्क एण्ड कॉस्ट पर राशि 220.58 लाख की प्रशासनिक स्वीकृति से पुनः निविदा आमंत्रित की गई। जिसमें संवेदक मैसर्स प्रवीण नरूका एण्ड कम्पनी की एकल निविदा जी शिड्यूल दरें 16.08% below एवं एच शिड्यूल दरे आईटम न0 1 राशि 1500/–Each व आईटम नम्बर 2 राशि 200/– प्रति वर्ग मीटर, कुल राशि 18223195.08/– प्राप्त हुई।

चूंकि दरें बाजार में प्रचलित दरों के अनुसार उचित पाई गई। कार्य रिस्क एण्ड कॉस्ट प्रवृति का है तथा अत्यन्त आवश्यक होने के कारण श्रीमान अध्यक्ष महोदय द्वारा दिनांक 07.06.2022 को उक्त दरें स्वीकृत की गई हैं।

G-Schedule Rate	20880237.22	16.08% below	17522695.08
Item No. 1-Raising of sewer manhole	267.00 No.	1500@& Per Each	400500.00
Item No. 2-Refixing of Precast concrete interlocking blocks	1500.00Sqm.	200@& Per Sqm.	300000.00
		कुल–	18223195.08/–

अतः उक्त प्रकरण में उपरोक्तानुसार कार्य की दर स्वीकृति पश्चात समिति के समक्ष Post facto अनुमोदन के विचारार्थ प्रस्तुत हैं।

निर्णय :– समिति द्वारा प्रकरण में विस्तृत विचार–विमर्श किया गया। मैसर्स श्री श्याम कन्सट्रक्सन की एकल निविदा जी शिड्यूल दरें 16.08% below एवं एच शिड्यूल दरे आईटम न0 1 राशि 1500/–Each व आईटम नम्बर 2 राशि 200/– प्रति वर्ग मीटर, कुल राशि 18223195.08/– प्राप्त हुई। कार्य रिस्क एण्ड कॉस्ट प्रवृति का होने तथा अत्यन्त आवश्यक होने के कारण श्रीमान अध्यक्ष महोदय द्वारा कार्य की पत्रावली पर दिनांक 07.06.2022 को दरो की स्वीकृति बाबत् लिए गए निर्णय को एस.ओ. पी. के अनुसार समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन का निर्णय किया जाता है।

(तैय्यब खान)
अधीक्षण अभियंता
बीडा भिवाडी (राज०)

(247)

1. भगत सिंह कॉलोनी के सी. ब्लॉक में बीडा स्वामित्व की भूमि पर चारदिवारी व अन्य विकास कार्य का समयावधि प्रकरण स्वीकृति बाबत्।

उपरोक्त कार्य हेतु राशि रू0 20.00 लाख की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दिनांक 16.02.2021 को श्रीमान मुख्य कार्यकारी अधिकारी, बीडा भिवाड़ी द्वारा प्रदान की गई एवं तकनीकी स्वीकृति राशि रू0 20.00 लाख हेतु दिनांक 16.02.2021 को जारी की गई। तदपश्चात् बीडा कार्यालय आदेश क्रमांक 1207–13/21 दिनांक 01.04.2021 द्वारा मैसर्स श्री श्याम कन्सट्रक्सन कार्यादेश राशि रू0 14,27,898.51/– जारी किया गया। कार्य मौके पर पूर्ण करवा दिया गया है। अब तक कार्य के प्रथम रनिंग बिल में राशि रू0 9,60,916.14/– का भुगतान किया जा चुका है एवं राशि रू0 04,66,330.14/– का द्वितीय एवं अंतिम बिल प्रक्रियाधीन है।

i.	कार्य प्रारम्भ करने की नियत तिथि	11.04.2021
ii.	कार्य समाप्त करने की नियत तिथि	10.07.2021
iii.	कार्य पूर्ण करने की वास्तविक तिथि	09.02.2022
iv.	किये गये कार्य की कुल लागत राशि	14,27,246.58/–
v.	एक्स्ट्रा आईटम amount)	48,667.68/- (3.40% of work order
vi.	टाईम एक्सटेन्शन	214 दिवस का विलम्ब

A. उपरोक्त कार्य स्थल पर स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सीमांकन को लेकर विवाद होने के कारण कार्य नियत तिथि से प्रारम्भ नही करवाया जा सका। बीडा राजस्व टीम के द्वारा ग्रामीणों की उपस्थिति में निशानदेही दिनांक 10.08.2021 को प्रदान की गयी। (पत्रावली में N-13) परन्तु तत्समय वर्षाकाल होने से एवं निर्माण स्थल निचला क्षेत्र/गड्डा होने से निर्माण स्थल पर वर्षा जल भर गया था। इस कारण कार्य का लेआउट वर्षाकाल समाप्ति एवं वर्षाजल दिनांक 11.10.2021 तक सूखने पर दिनांक 12.10.2021 को लेआउट देकर कार्य प्रारंभ कराया गया। (पत्रावली पर अकिंत रिपोर्ट N-16 से N-19)

सीमांकन एवं वर्षा जल के कारण कार्य के कुल देरी की अवधि दिनांक 11.04.2021 से 11.10.2021 = 184 दिवस।

B. तत्पश्चात् एन.सी.आर क्षेत्र में प्रदूषण के कारण रोक से समस्त निर्माण कार्य राजस्थान प्रदूषण निवारण मंडल के आदेश से दिनांक 15.11.2021 से दिनांक 20.12.2021 अर्थात 36 दिवस कार्य बंद करा दिए गए थे।

एन.सी.आर क्षेत्र में प्रदूषण के कारण रोक से कार्य में हुयी देरी की अवधि दिनांक 15.11.2021 से 20.12.2021 = 36 दिवस। (पत्रावली पर अकिंत रिपोर्ट N-16 से N-19)

अतः सीमांकन जलभराव या वर्षाजल एवं प्रदूषण की रोक के कारण कुल 184+36 = 220 के लिए संवेदक दोषी नहीं है। साथ ही संवेदक से राशि 48,647.88 रू0 के Extra Items निर्देशानुसार संपादित करवाए गए हैं। अतः उपरोक्त कारणों से कुल विलम्ब 11.07.2021 से 09.02.2022 कुल 214 दिवस के लिए संवेदक दोषी नहीं है।

(तैयब खान)
अधीक्षण अभियंता
बीडा भिवाड़ी (राज0)

कार्य को पूर्ण करने हेतु नियत अवधि 3 माह – 11.04.2021 से 10.07.2021 = 91 दिवस
कार्य को पूर्ण करने की वास्तविक अवधि – 14.04.2021 से 09.02.2022 = 305 दिवस
बीडा स्तर पर कार्य में हुयी देरी – A). 11.04.2021 से 11.10.2021 = 184 दिवस
B). 15.11.2021 से 20.12.2021 = 36 दिवस
कुल = 220 दिवस
संवेदक द्वारा कार्य पूर्ण करने में लिया गया समय – 305–220 = 85 दिवस

उपरोक्त कारणों से संवेदक का अंतिम समयावधि प्रकरण दिनांक 09.02.2022 तक बिना शास्ति बढाया जाना प्रस्तावित है।

अतः प्रकरण दिनांक 09.02.2022 तक बिना शास्ति बढाये जाने हेतु समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

<u>निर्णय</u> :– समिति द्वारा प्रकरण में विस्तृत विचार–विमर्श किया गया। कार्य की पत्रावली का अवलोकन करने पर समय–समय पर कार्य में आई बाधाओं को उचित मानते हुये लोक निर्माण समिति द्वारा संवेदक का अंतिम समयावधि प्रकरण दिनांक 09.02.2022 तक बिना शास्ति बढाया जाने का सर्वसम्मिति से निर्णय लिया गया।

तत्पश्चात सह धन्यवाद बैठक समाप्त की गई।

अधीक्षण अभियन्ता (सदस्य सचिव)
भिवाडी इंटिग्रेटेड विकास प्राधिकरण,
भिवाडी

क्रमांक: दिनांक :

प्रतिलिपि :– निम्न को सूचनार्थ प्रेषित है :–

1. श्रीमान जिला कलक्टर महोदय।
2. श्रीमान मुख्य कार्यकारी अधिकारी, बीडा भिवाडी।
3. श्रीमान मुख्य नगर नियोजक, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, जयपुर।
4. श्रीमान डी के मीणा, मुख्य अभियन्ता, नगर निगम जोधपुर।
5. श्रीमान पी. के. जैन मुख्य अभियन्ता, नगरीय विकास विभाग जोन, अलवर।
6. श्रीमान विजय गुप्ता महाप्रबंधक रिको, जयपुर।
7. श्रीमान अतिरिक्त मुख्य अभियंता, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग अलवर।
8. श्रीमान अधीक्षण अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, अलवर।
9. वरिष्ठ लेखाधिकारी, बीडा भिवाडी।
10. वरिष्ठ/उप नगर नियोजक, बीडा भिवाडी।

अधीक्षण अभियन्ता (सदस्य सचिव)
भिवाडी इंटिग्रेटेड विकास प्राधिकरण,
भिवाडी